# कार्यालय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, अलीगढ़

पत्रांक:जि0बे0शि0अ0/ 835-43 /2026-27 दिनांक:- 18.04.2026

## विज्ञप्ति/सूचना

उ0प्र0 शासन के पत्रांक 1553/68-5-2020 बेसिक शिक्षा अनुभाग-5 दिनांक 11.12.2020 एवं शासनादेश संख्या-I/570148/2024 File No-68-5099/23/2024-5() दिनांक 28 मई, 2024 के आलोक में जिलाधिकारी महोदय अलीगढ़ के अनुमोदन दिनांक 13 अप्रैल, 2026 के अनुपालन में जनपद अलीगढ़ में संचालित 13 कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालयों में सेवा अनुबन्ध के आधार पर नियत मानदेय पर निम्नलिखित पदों पर महिला कर्मियों की आवश्यकता है।

➢ **कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय (कक्षा-6 से 8 तक):**

| क्र0 सं0 | पदनाम | शैक्षिक योग्यता | नियत मानदेय प्रतिमाह | वर्गवार रिक्त पदों का विवरण | | | | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अनारक्षित | अनु0 जाति | अनु0 जनजाति | अन्य पिछडा वर्ग | |
| 1 | अंशकालिक शिक्षिका (कम्प्यूटर) | प्रशिक्षित स्नातक के अतिरिक्त पी0जी0डी0सी0ए0/बी0सी0ए0/बी0एस0सी0 कम्प्यूटर सांइस अथवा स्नातक सहित डी0ओ0ई0ए0सी0सी0 या समकक्ष संस्था से ओ लेवल/ए लेवल डिप्लोमा आदि। | 12790.00 | 00 | 01 | 00 | 00 | 01 |
| 2 | मुख्य रसोईया | कक्षा-08 उत्तीर्ण | 9006.00 | 02 | 00 | - | 00 | 02 |
| 3 | सहायक रसोईया | कक्षा-08 उत्तीर्ण | 6755.00 | 05 | 02 | 01 | 06 | 14 |
| 4 | चपरासी | कक्षा-08 उत्तीर्ण | 7505.00 | 01 | 00 | 00 | 00 | 01 |
| 5 | चौकीदार | कक्षा-08 उत्तीर्ण | 7505.00 | 02 | 01 | 00 | 00 | 03 |
| | | **योग** | | **10** | **04** | **01** | **06** | **21** |

➢ **उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय (कक्षा-9 से 12 तक):**

| क्र0 सं0 | पदनाम | शैक्षिक अर्हता | नियत मानदेय प्रतिमाह | पदवार आरक्षण | | | | कुल योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अनारक्षित | अनु0 जाति | अनु0 जनजाति | अन्य पिछडा वर्ग | |
| 1 | प्रधानाचार्या | (1) प्रशिक्षित एम0ए0 (हिन्दी), कक्षा 9 से 12 तक में कम से कम चार वर्ष का शिक्षण अनुभव हो या विभाग द्वारा मान्यता प्राप्त किसी जूनियर हाईस्कूल के प्रशिक्षण स्नातक प्रधानाध्यापक के रूप में कम से कम चार वर्ष का अनुभव हो, प्रतिबन्ध यह भी है कि वह 30 वर्ष से कम आयु की न हो।<br>(2) किसी मान्यता प्राप्त संस्था में इण्टरमीडिएट कक्षाओं में दस वर्ष का शिक्षण अनुभव के साथ-साथ प्रथम या द्वितीय श्रेणी की स्नातकोत्तर उपाधि या पन्द्रह वर्ष के शिक्षण अनुभव के साथ तृतीय श्रेणी की स्नातकोत्तर उपाधि। | 30,000.00 | 00 | 01 | 00 | 00 | 01 |
| 2 | चौकीदार | कक्षा-8 उत्तीर्ण | 7,505.00 | 01 | 00 | 00 | 00 | 01 |
| 3 | रसोईया | कक्षा-8 उत्तीर्ण | 6,755.00 | 03 | 02 | 00 | 01 | 06 |
| | | | **योग** | **04** | **03** | **00** | **01** | **08** |

उक्त 29 रिक्तियों हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप, नियत अर्हता तथा नियम व शर्ते जनपद अलीगढ़ की एन0आई0सी0 की वेबसाइट **https://aligarh.nic.in** पर उपलब्ध है। इच्छुक पात्रताधारी अभ्यर्थिनी अपने आवेदन पत्र नियत प्रारूप पर दिनांक 04 मई, 2026 को सायं 05:00 बजे तक कार्यालय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, निकट ब्लॉक संसाधन केन्द्र, लोधा, बीमानगर, टी0वी0एस0 शोरूम के सामने वाली गली, सूतमील चौराहा, अलीगढ़ उ0प्र0 202001 को केवल स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक से प्रेषित कर सकते है। निर्धारित तिथि के उपरांत आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

जिला समन्वयक, बालिका शिक्षा
समग्र शिक्षा, अलीगढ़

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
अलीगढ़

पृ0सं0:जि0बे0शि0अ0/ /2026-27 तद्दिनांक

प्रतिलिपिः- निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा, उ0प्र0 लखनऊ।
2. जिलाधिकारी, अलीगढ़।
3. मुख्य विकास अधिकारी, अलीगढ़।
4. कोषाधिकारी, जिला कोषागार अलीगढ़।
5. प्राचार्य/उप शिक्षा निदेशक, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, मडराक, अलीगढ़।
6. मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक, बेसिक, अलीगढ़ मण्डल अलीगढ़।
7. जिला विद्यालय निरीक्षक, अलीगढ़।
8. जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, अलीगढ़ को विज्ञप्ति, नियत अर्हता, नियम शर्तों व आवेदन पत्र हार्ड कॉपी एवं सॉफ्ट कॉपी में इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि उक्त विज्ञप्ति, नियत अर्हता, नियम शर्तों व आवेदन पत्र को जनपद अलीगढ़ की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।

Scanned with OKEN Scanner

9. समस्त उप जिलाधिकारी, जनपद अलीगढ़ को इस अनुरोध के साथ कि उक्त विज्ञप्ति, नियत अर्हता, नियम शर्तों व आवेदन पत्र को अपने कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराने का कष्ट करें।
10. समस्त खण्ड विकास अधिकारी, जनपद अलीगढ़ को इस अनुरोध के साथ कि उक्त विज्ञप्ति, नियत अर्हता, नियम शर्तों व आवेदन पत्र को अपने कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराने का कष्ट करें।
11. समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी, जनपद अलीगढ़ को इस आदेश के साथ कि उक्त विज्ञप्ति, नियत अर्हता, नियम शर्तों व आवेदन पत्र को ब्लॉक संसाधन केन्द्र/नगर संसाधन केन्द्र के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराना सुनिश्चित करें।
12. सम्पादक दैनिक समाचार पत्र अमर उजाला व हिंदुस्तान को इस अनुरोध के साथ कि उक्त विज्ञप्ति को अपने लोकप्रिय समाचार पत्र के उत्तर प्रदेश संस्करण में न्यूनतम स्थान एवं शासकीय दरों पर प्रकाशित कर बिल दो प्रतियों में कार्यालय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, अलीगढ़ में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
13. श्री प्रणव किशोर, परिचारक, जिला परियोजना कार्यालय, सर्व शिक्षा अभियान, अलीगढ़ को इस आदेश के साथ कि वे उक्त विज्ञप्ति, नियत अर्हता, नियम शर्तों व आवेदन पत्र को कार्यालय, जिलाधिकारी कार्यालय, मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान एवं कार्यालय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, अलीगढ़ के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करना सुनिश्चित करें।

जिला समन्वयक, बालिका शिक्षा
समग्र शिक्षा, अलीगढ़

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
अलीगढ़

Scanned with OKEN Scanner

## कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों (कक्षा-6 से 8) में रिक्त पदों का विवरण

| क्र0 सं0 | पदनाम | शैक्षिक योग्यता | नियत मानदेय प्रतिमाह | वर्गवार रिक्त पदों का विवरण अनारक्षित | अनु0 जाति | अनु0 जनजाति | अन्य पिछडा वर्ग | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अंशकालिक शिक्षिका (कम्प्यूटर) | प्रशिक्षित स्नातक के अतिरिक्त पी0जी0डी0सी0ए0/बी0सी0ए0/बी0एस0सी0 कम्प्यूटर सांइस अथवा स्नातक सहित डी0ओ0ई0ए0सी0सी0 या समकक्ष संस्था से ओ लेवल/ए लेवल डिप्लोमा आदि। | 12790.00 | 00 | 01 | 00 | 00 | 01 |
| 2 | मुख्य रसोईया | कक्षा-08 उत्तीर्ण | 9006.00 | 02 | 00 | - | 00 | 02 |
| 3 | सहायक रसोईया | कक्षा-08 उत्तीर्ण | 6755.00 | 05 | 02 | 01 | 06 | 14 |
| 4 | चपरासी | कक्षा-08 उत्तीर्ण | 7505.00 | 01 | 00 | 00 | 00 | 01 |
| 5 | चौकीदार | कक्षा-08 उत्तीर्ण | 7505.00 | 02 | 01 | 00 | 00 | 03 |
| | योग | | | **10** | **04** | **01** | **06** | **21** |

➢ **अर्हता:**

1. अंशकालिक शिक्षिकाओं, मुख्य रसोइया, सहायक रसोइया, चपरासी तथा चौकीदार के पदों पर केवल महिला अभ्यर्थियों का ही चयन किया जायेगा।
2. कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के ऐसे शिक्षक/शिक्षिका जो शैक्षिक वर्ष 2020-21 में नवीन संविदा से वंचित हुए हैं, उन शिक्षकों द्वारा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में रिक्तियों के सापेक्ष होने वाले नवीन चयन में प्रदेश के किसी भी जनपद में आवेदन करने पर, उन्हें चयन हेतु शैक्षिक अर्हता में शासनादेश संख्या के0जी0बी0वी0/3-2/1916/2013-14 दिनांक 29-07-2013 के पूर्व कार्यरत शिक्षकों के लिये टी0ई0टी0 की अर्हता अनिवार्य नहीं होगी।
3. कम्प्यूटर शिक्षिका के लिये प्रशिक्षित स्नातक होना अनिवार्य है। प्रशिक्षण उपाधि के अन्तर्गत एन0सी0टी0ई0 से मान्य बी0एड0/ समकक्ष एल0टी0 इत्यादि प्रशिक्षण सम्मिलित है। इसके अतिरिक्त कम्प्यूटर शिक्षण हेतु पी0जी0डी0सी0ए0/बी0सी0ए0/बी0एस0सी0 कम्प्यूटर साइंस अथवा स्नातक सहित डी0ओ0ई0ए0सी0सी0 या समकक्ष संस्था से ओ लेवल/ए लेवल डिप्लोमा आदि शैक्षिक योग्यता भी वांछित होगी।
4. मुख्य रसोइया/सहायक रसोइया/चपरासी/चौकीदार हेतु शैक्षिक योग्यता कक्षा 8 उत्तीर्ण होगी तथा अभ्यर्थी को शारीरिक अक्षमता एवं संक्रामक रोग से ग्रस्त नहीं होना चाहिए। मुख्य रसोईया, सहायक रसोईया, चपरासी तथा चौकीदार का पद पूर्णकालिक है। इनके लिये महिला होना तथा विद्यालय में निवास करना अनिवार्य है।

➢ **आयु:**

1. समस्त स्टाफ की न्यूनतम आयु चयन वर्ष की 01 अप्रैल को 25 वर्ष होगी तथा अधिकतम आयु चयन वर्ष की 01 अप्रैल को 45 वर्ष से अधिक न हो।
2. कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के ऐसे शिक्षक/शिक्षिका जो निर्धारित अर्हता रखते हों, किन्तु शैक्षिक वर्ष 2020-21 में नवीन संविदा से वंचित हुए हैं, उन शिक्षकों द्वारा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में रिक्तियों के सापेक्ष होने वाले नवीन चयन में प्रदेश के किसी भी जनपद में आवेदन करने पर, उन्हें चयन हेतु आयु सीमा में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में कार्यरत रहने की अवधि के समतुल्य छूट प्रदान की जाये, किन्तु प्रतिबन्ध यह है कि सम्बन्धित शिक्षक/शिक्षिका की आयु 60 वर्ष से अधिक न हो।
3. कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में सेवा हेतु समस्त स्टाफ की अधिकतम आयु 60 वर्ष होगी।

➢ **आरक्षण:**

1. राज्य सरकार के निर्धारित प्राविधानों के अनुसार आरक्षण देय होगा।

➢ **चरित्र:**

1. किसी सेवा से बर्खास्त, नैतिक/चारित्रिक अधमता के अपराध के लिये दोष सिद्ध एवं दिवालिया व्यक्ति चयन के लिये अर्ह नहीं होंगे। इस हेतु अन्तिम शैक्षिक संस्था/किसी राजपत्रित अधिकारी द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण-पत्र

Scanned with OKEN Scanner

संलग्न करना होगा। यदि चयनित अभ्यर्थी की सेवाएं अनुपयुक्त पायी जाती हैं तो उन्हें एक माह का नोटिस देकर सेवाओं को समाप्त कर दिया जायेगा। गम्भीर परिस्थितियों/वित्तीय अनियमितता/गंभीर अनुशासनहीनता की स्थिति उत्पन्न होती है तो जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रस्तुत पुष्ट प्रमाणों के आधार पर जिलाधिकारी के अनुमोदनार्थ संविदा समाप्त करते हुए सम्बन्धित के विरूद्ध प्राथमिक सूचना रिपोर्ट दर्ज करायी जायेगी।

➢ **चयन प्रक्रियाः**

1. कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के ऐसे शिक्षक/शिक्षिका जो शैक्षिक सत्र 2020-21 में नवीन संविदा से वंचित हुए हैं, उनके द्वारा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में रिक्तियों के सापेक्ष होने वाले नवीन चयन में आवेदन करने पर, उन्हें कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में की गयी सेवा अवधि के प्रत्येक सम्पूर्ण शैक्षिक वर्ष के लिये 2 प्रतिशत अतिरिक्त भारांक दिया जाये किन्तु अधिकतम भारांक 30 प्रतिशत से अधिक नहीं दिया जायेगा।
2. कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में शैक्षिक स्टाफ यथा अंशकालिक शिक्षिका के पद पर चयन सीधे मेरिट के आधार पर किया जायेगा। अंशकालिक शिक्षिका के पद हेतु अभ्यर्थिनी के चयन के लिये भारांक के अंकों का निर्धारण निम्न प्रकार किया जायेगा-

| क्र.सं. | परीक्षा/उपाधि का नाम | गुणवत्ता अंक |
|---|---|---|
| 1 | हाईस्कूल | परीक्षा में प्राप्तांक का प्रतिशत X 10/100 |
| 2 | इण्टरमीडिएट | परीक्षा में प्राप्तांक का प्रतिशत X 10/100 |
| 3 | स्नातक उपाधि | परीक्षा में प्राप्तांक का प्रतिशत X 20/100 |
| 4 | प्रशिक्षण | परीक्षा में प्राप्तांक का प्रतिशत X 30/100 |
| 5 | भारांक (केवल वर्ष 2020-21 में नवीन संविदा से वंचित कर्मचारियों के लिये ही मान्य होगा)<br>कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में शिक्षक के रूप में कार्यरत अनुभव | प्रत्येक पूर्ण अध्यापन वर्ष के लिये 2 अंक, अधिकतम 30 अंक तक, जो भी कम हो। |

3. रसोइया, सहायक रसोइया, चपरासी एवं चौकीदार के पदों पर चयन साक्षात्कार द्वारा किया जायेगा।
4. रसोइया एवं सहायक रसोइया का पद पूर्णकालिक होगा तथा इनका साक्षात्कार 50 अंकों का होगा, जिसमें शारीरिक क्षमता हेतु 20 अंक, पाक विद्या के ज्ञान हेतु 20 अंक तथा अनुभव हेतु 10 अंक निर्धारित होंगे।
5. चौकीदार व चपरासी का पद पूर्णकालिक होगा तथा इनके साक्षात्कार के लिये 50 अंक निर्धारित होंगे, जिसमें शारीरिक स्वास्थ्य हेतु 25 अंक तथा सामान्य ज्ञान हेतु 25 अंक निर्धारित होंगे।

➢ **अन्य नियम व शर्तें:**

1. चयन उपरांत मुख्य रसोईया, चौकीदार, चपरासी एवं सहायक रसोइयों का पद पूर्णकालिक होने के कारण विद्यालय परिसर में ही निवास करना अनिवार्य होगा अन्यथा की स्थिति में उनका सेवा अनुबन्ध समाप्त कर दिया जायेगा। पूर्ण कालिक स्टाफ को अपने साथ परिवार के किसी भी सदस्य को विद्यालय परिसर में रखने की अनुमति नहीं है। समस्त स्टाफ को भोजन व्यवस्था उनकी स्वयं की होगी।
2. विद्यालय में रू0 15,000.00 से कम मानदेय प्राप्त करने वाले कर्मचारियों को ई0पी0एफ0 से आच्छादित किया जायेगा, जिसमें 12 प्रतिशत कर्मचारी अंशदान तथा 13 प्रतिशत नियोक्ता अंशदान की कटौती कर मानदेय भुगतान किया जायेगा।
3. आवश्यकतानुसार रिक्तियों की संख्या घट/बढ़ सकती है। चयन सेवा अनुबन्ध के आधार पर शैक्षिक सत्र 2026-27 (अधिकतम 11 माह 29 दिन) हेतु होगा तथा कार्य व्यवहार सन्तोषजनक पाये जाने पर आगामी सत्र के लिये सेवा अनुबन्ध का विस्तारीकरण किया जा सकता है।
4. उपरोक्त रिक्तियों हेतु प्रकाशित विज्ञप्ति, अर्हता, नियम शर्तो एवं आवेदन पत्र को जनपद अलीगढ़ की वेबसाइट **https://aligarh.nic.in** पर क्लिक करके डाउनलोड किया जा सकता है। उक्त के सम्बन्ध में किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, अलीगढ़ से आवश्यक जानकारी प्राप्त की जा सकती है।
5. लिफाफे के ऊपर मोटे अक्षरों में कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय में जिस पद/जाति वर्ग के लिए आवेदन किया जा रहा है, स्पष्ट रूप से अंकित होना चाहिए। अभ्यर्थी द्वारा एक से अधिक पदों हेतु आवेदन

Scanned with OKEN Scanner

करने की स्थिति में प्रत्येक पद हेतु अलग-अलग आवेदन पत्र प्रेषित करना होगा, जिस पर आवेदित पद का नाम, विषय तथा आरक्षण वर्ग अंकित करना होगा।

6. इच्छुक पात्रताधारी अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र दिनांक 04 मई, 2026 को सायं 05:00 बजे तक कार्यालय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, निकट ब्लॉक संसाधन केन्द्र, लोधा, बीमानगर, टी0वी0एस0 शोरूम के सामने वाली गली, सूतमील चौराहा, अलीगढ़ उ0प्र0 202001 को केवल स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक से प्रेषित कर सकते है। साधारण डाक, कोरियर से प्राप्त आवेदन पत्रों को अस्वीकार कर दिया जायेगा। आवेदन पत्र के साथ अपनी दो स्व-प्रमाणित फोटो, समस्त शैक्षिक अंकपत्र, प्रमाण-पत्र, सामान्य निवास प्रमाण-पत्र, जाति प्रमाण-पत्र, राजपत्रित अधिकारियों द्वारा निर्गत 02 चरित्र प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड एवं अन्य वॉछित प्रमाण-पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियॉ तथा अपने पता लिखे हुए 02 लिफाफे स्पीड पोस्ट अथवा रजिस्टर्ड पोस्ट के निर्धारित शुल्क के डाकटिकट लगे हुए अवश्य संलग्न करें। आवेदन पत्र के लिफाफे पर आवेदित पद का नाम तथा आरक्षण वर्ग अवश्य लिखें। अपूर्ण, अस्पष्ट, बिना संलग्नकों वाले, बिना फोटो, बिना हस्ताक्षर, प्रारूप से भिन्न, अधूरे संलग्नकों वाले आवेदन पत्रों को निरस्त कर दिया जायेगा।
7. उक्त पदों पर कर्मचारियों का चयन मा0 उच्च न्यायालय एवं मा0 सर्वोच्च न्यायालय में योजित विभिन्न वाद के अधीन होगा, जिस पर मा0 न्यायालय द्वारा पारित आदेश के अनुसार कार्यवाही की जायेगी।
8. अधोहस्ताक्षरी कार्यालय द्वारा प्रकाशित करायी जा रही विज्ञप्ति/सूचना को किसी भी समय निरस्त करने का अधिकार जनपदीय चयन समिति, के0जी0बी0वी0 जनपद अलीगढ़ के पास रक्षित होगा, जिस हेतु कोई भी न्यायालयी वाद मान्य नहीं होगा। विज्ञप्ति लिपिकीय त्रुटि के संधान रहेगी।

जिला समन्वयक, बालिका शिक्षा
समग्र शिक्षा, अलीगढ़

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
अलीगढ़

Scanned with OKEN Scanner

## उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों (कक्षा-9 से 12) में रिक्त पदों का विवरण

| क्र0 सं0 | पदनाम | शैक्षिक अर्हता | नियत मानदेय प्रतिमाह | पदवार आरक्षण | | | | कुल योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अनारक्षित | अनु0 जाति | अनु0 जनजाति | अन्य पिछड़ा वर्ग | |
| 1 | प्रधानाचार्या | (1) प्रशिक्षित एम0ए0 (हिन्दी), कक्षा 9 से 12 तक में कम से कम चार वर्ष का शिक्षण अनुभव हो या विभाग द्वारा मान्यता प्राप्त किसी जूनियर हाईस्कूल के प्रशिक्षण स्नातक प्रधानाध्यापक के रूप में कम से कम चार वर्ष का अनुभव हो, प्रतिबन्ध यह भी है कि वह 30 वर्ष से कम आयु की न हो।<br>(2) किसी मान्यता प्राप्त संस्था में इण्टरमीडिएट कक्षाओं में दस वर्ष का शिक्षण अनुभव के साथ-साथ प्रथम या द्वितीय श्रेणी की स्नातकोत्तर उपाधि या पन्द्रह वर्ष के शिक्षण अनुभव के साथ तृतीय श्रेणी की स्नातकोत्तर उपाधि। | 30,000.00 | 00 | 01 | 00 | 00 | 01 |
| 2 | चौकीदार | कक्षा-8 उत्तीर्ण | 7,505.00 | 01 | 00 | 00 | 00 | 01 |
| 3 | रसोईया | कक्षा-8 उत्तीर्ण | 6,755.00 | 03 | 02 | 00 | 01 | 06 |
| | | | योग | 04 | 03 | 00 | 01 | 08 |

(1) उपरोक्त सभी पदों पर केवल महिला आवेदकों का ही चयन किया जायेगा।

(2) प्रधानाचार्या जिस विषय की अर्हता रखती होगी उस विषय की पृथक से शिक्षिका की नियुक्ति नहीं की जायेगी तथा सम्बन्धित विषय का शिक्षण कार्य प्रधानाचार्या द्वारा ही किया जायेगा।

(3) आयु-

- प्रधानाचार्या के लिए न्यूनतम आयु चयन वर्ष की 01 अप्रैल को न्यूनतम आयु 30 वर्ष एवं अधिकतम आयु 45 वर्ष होगी और कक्षा 9 से 12 तक में कम से कम 04 वर्ष का शिक्षण अनुभव हो।
- शेष पदों पर चयन वर्ष की 01 अप्रैल को न्यूनतम आयु 25 वर्ष एवं अधिकतम आयु 45 वर्ष होगी।
- कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में सेवा हेतु अधिकतम आयु 60 वर्ष होगी।

(4) **आरक्षण-** राज्य सरकार के निर्धारित प्राविधानों के अनुसार आरक्षण देय होगा।

(5) **चरित्र-** किसी सेवा से बर्खास्त, नैतिक/चारित्रिक अधमता के अपराध के लिए दोष सिद्ध एवं दिवालिया व्यक्ति चयन के लिए अर्ह नहीं होंगे।

(6) **चयन के लिये भारांक के अंकों का निर्धारण-**

- अभ्यर्थी के चयन के लिए भारांक के अंकों का निर्धारण निम्न प्रकार किया जायेगा-

| क्र.सं. | परीक्षा/उपाधि का नाम | गुणवत्ता अंक |
|---|---|---|
| 1 | हाईस्कूल | परीक्षा में प्राप्तांक का प्रतिशत X 10/100 |
| 2 | इण्टरमीडिएट | परीक्षा में प्राप्तांक का प्रतिशत X 10/100 |
| 3 | स्नातक उपाधि | परीक्षा में प्राप्तांक का प्रतिशत X 20/100 |
| 4 | परास्नातक उपाधि | परीक्षा में प्राप्तांक का प्रतिशत X 20/100 |
| 5 | प्रशिक्षण | सैद्धान्तिक एवं प्रयोगात्मक परीक्षा में प्राप्तांक का प्रतिशत X 30/100 |

- यदि दो या अधिक अभ्यर्थियों के गुणवत्ता अंक समान हों तो ऐसे अभ्यर्थी का नाम, जो आयु में ज्येष्ठ हो, सूची में उच्चतर रखा जायेगा।
- यदि दो या अधिक अभ्यर्थियों के गुणवत्ता अंक और आयु समान हो तो अभ्यर्थी का नाम, अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के अनुसार सूची में रखा जायेगा।
- रसोईया एवं चौकीदार के पद पर चयन साक्षात्कार के आधार पर किया जायेगा।

(6) सत्यापन-

Scanned with OKEN Scanner

शिक्षक/शिक्षणेत्तर स्टाफ के चयन के समय प्रस्तुत प्रमाण पत्रों का सत्यापन सम्बन्धित बोर्ड/संस्था से कराया जायेगा। कार्मिकों के मूल शैक्षिक अभिलेखों को जिला परियोजना कार्यालय में सुरक्षित/संरक्षित कराया जायेगा। अभिलेखों के सत्यापनोपरान्त ही मानदेय का भुगतान किया जायेगा।

(7) नवीन संविदा-

- प्रत्येक शैक्षिक सत्र में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के समस्त पद भारत सरकार की प्रोजेक्ट अप्रूवल बोर्ड की बैठक में दिये गये निर्देशों के अधीन होगें।
- शैक्षिक सत्र में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में शैक्षिक एवं शिक्षणेत्तर कर्मियों का सेवा अनुबन्ध 11 माह 29 दिन के लिए किया जायेगा।
- कार्यरत शिक्षिकाओं का व्यवहार संतोषजनक पाये जाने पर आगामी सत्र हेतु जिलाधिकारी के अनुमोदनोपरान्त नवीन संविदा अनुबन्ध 11 माह 29 दिन के लिए किया जायेगा, तात्पर्य यह है कि प्रत्येक वर्ष एक नवीन सेवा अनुबन्ध किया जायेगा।
- किसी कर्मचारी की सेवाएं संतोषजनक नहीं पाये जाने की दशा में मूल्यांकनकर्ता अधिकारी (खण्ड शिक्षा अधिकारी/जिला समन्वयक (बालिका शिक्षा)/जिला बेसिक शिंक्षा अधिकारी) द्वारा सम्बन्धित शिक्षिका को अपना पक्ष प्रस्तुत करने का पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराने के उपरान्त प्राप्त उत्तर के आधार पर पत्रावली में उन परिस्थितियों का साक्ष्य सहित स्पष्ट आंकलन किया जायेगा तथा जिलाधिकारी के समक्ष युक्ति-युक्त प्रस्ताव प्रस्तुत किया जायेगा।
- सेवा अनुबन्ध में यह प्राविधान किया जायेगा कि यदि उसकी सेवाएं अनुपयुक्त पायी जाती हैं तो उन्हें एक माह का नोटिस देकर सेवा/संविदा को समाप्त कर दिया जायेगा। गम्भीर परिस्थितियों/वित्तीय अनियमितता/गंभीर अनुशासनहीनता की स्थिति में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रस्तुत पुष्ट प्रमाणों के आधार पर जिलाधिकारी के अनुमोदनोपरान्त संविदा समाप्त करते हुये सम्बन्धित के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करायी जायेगी।

(8) अन्य नियम व शर्तें:

1. चयन उपरांत चौकीदार एवं रसोईयों का पद पूर्णकालिक होने के कारण विद्यालय परिसर में ही निवास करना अनिवार्य होगा अन्यथा की स्थिति में उनका सेवा अनुबन्ध समाप्त कर दिया जायेगा। पूर्ण कालिक स्टाफ को अपने साथ परिवार के किसी भी सदस्य को विद्यालय परिसर में रखने की अनुमति नहीं है। समस्त शैक्षिक एवं शिक्षणेत्तर स्टाफ को भोजन व्यवस्था उनकी स्वयं की होगी।
2. विद्यालय में रू0 15,000.00 से कम मानदेय प्राप्त करने वाले कर्मचारियों को ई0पी0एफ0 से आच्छादित किया जायेगा, जिसमें 12 प्रतिशत कर्मचारी अंशदान तथा 13 प्रतिशत नियोक्ता अंशदान की कटौती कर मानदेय भुगतान किया जायेगा।
3. आवश्यकतानुसार रिक्तियों की संख्या घट/बढ़ सकती है। चयन सेवा अनुबन्ध के आधार पर शैक्षिक सत्र (अधिकतम 11 माह 29 दिन) हेतु होगा तथा कार्य व्यवहार सन्तोषजनक पाये जाने पर आगामी सत्र के लिये सेवा अनुबन्ध का विस्तारीकरण किया जा सकता है।
4. उपरोक्त रिक्तियों हेतु प्रकाशित विज्ञप्ति, अर्हता, नियम शर्तो एवं आवेदन पत्र को जनपद अलीगढ़ की वेबसाइट **https://aligarh.nic.in** पर क्लिक करके डाउनलोड किया जा सकता है। उक्त के सम्बन्ध में किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, अलीगढ़ से आवश्यक जानकारी प्राप्त की जा सकती है।
5. लिफाफे के ऊपर मोटे अक्षरों में उच्चीकृत कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय में जिस पद/जाति वर्ग के लिए आवेदन किया जा रहा है, स्पष्ट रूप से अंकित होना चाहिए। अभ्यर्थी द्वारा एक से अधिक पदों हेतु

Scanned with OKEN Scanner

आवेदन करने की स्थिति में प्रत्येक पद हेतु अलग-अलग आवेदन पत्र पंजीकृत डाक के माध्यम से प्रेषित करना होगा, जिस पर आवेदित पद का नाम, विषय तथा आरक्षण वर्ग अंकित करना होगा।

6. इच्छुक पात्रताधारी अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र दिनांक 04 मई, 2026 को सायं 05:00 बजे तक कार्यालय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, निकट ब्लॉक संसाधन केन्द्र, लोधा, बीमानगर, टी0वी0एस0 शोरूम के सामने वाली गली, सूतमील चौराहा, अलीगढ़ उ0प्र0 202001 को केवल स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक से प्रेषित कर सकते है। साधारण डाक, कोरियर से प्राप्त आवेदन पत्रों को अस्वीकार कर दिया जायेगा। आवेदन पत्र के साथ अपनी दो स्व-प्रमाणित फोटो, समस्त शैक्षिक अंकपत्र, प्रमाण-पत्र, सामान्य निवास प्रमाण-पत्र, जाति प्रमाण-पत्र, राजपत्रित अधिकारियों द्वारा निर्गत 02 चरित्र प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड एवं अन्य वॉछित प्रमाण-पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियॉं तथा अपने पता लिखे हुए 03 लिफाफे स्पीड पोस्ट अथवा रजिस्टर्ड पोस्ट के निर्धारित शुल्क के डाकटिकट लगे हुए अवश्य संलग्न करें। आवेदन पत्र के लिफाफे पर आवेदित पद का नाम तथा आरक्षण वर्ग अवश्य लिखें। अपूर्ण, अस्पष्ट, बिना संलग्नकों वाले, बिना फोटो, बिना हस्ताक्षर, निर्धारित प्रारूप से भिन्न आवेदन, अधूरे संलग्नकों वाले आवेदन पत्रों को निरस्त कर दिया जायेगा।

7. अधोहस्ताक्षरी कार्यालय द्वारा प्रकाशित करायी जा रही विज्ञप्ति/सूचना को किसी भी समय निरस्त करने का अधिकार जनपदीय चयन समिति, के0जी0बी0वी0 जनपद अलीगढ़ के पास रक्षित होगा, जिस हेतु कोई भी न्यायालयी वाद मान्य नहीं होगा। रिक्त पदों की संख्या घट/बढ़ सकती है, उक्त विज्ञप्ति लिपिकीय त्रुटि के संधान रहेगी।

जिला समन्वयक, बालिका शिक्षा
समग्र शिक्षा, अलीगढ़

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
अलीगढ़

Scanned with OKEN Scanner

## जनपद अलीगढ़ में कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय (कक्षा-6 से 8) में चयन हेतु आवेदन-पत्र

(आवेदन पत्र अभ्यर्थिनी द्वारा स्वयं साफ-साफ भरा जाये। कटिंग एवं ओवर राइटिंग मान्य नहीं होगी। नाम एवं पिता का नाम तथा जन्मतिथि हाईस्कूल प्रमाण-पत्र के अनुसार लिखी जाये। अपूर्ण, त्रुटिपूर्ण एवं अस्पष्ट आवेदन पत्र निरस्त कर दिये जायेंगे।)

1. आवेदित पद का नाम........................................................................
2. विषय (केवल अंश कालिक शिक्षिकाओं हेतु)...............................................
3. अभ्यर्थिनी का नाम (हिन्दी में)...........................................................
   (अंग्रेजी के कैपिटल अक्षरों में)............................................................
4. पिता का नाम (हिंदी में)...................................पति का नाम.......................
   (अंग्रेजी के कैपिटल अक्षरों में)...................................पति का नाम.......................
5. जन्मतिथि (हाईस्कूल/आठवीं प्रमाण पत्र के अनुसार) तिथि..............माह..................वर्ष...........
6. 01 अप्रैल, 2026 को हाईस्कूल/आठवीं प्रमाण-पत्र के आधार पर आयु...........दिन.......माह..........वर्ष
7. (अ) गृह जनपद का नाम व पता (थाना सहित)..........................................................
   ..........................................................................................................
   (ब) पत्र व्यवहार का पता..........................................................................
   ..........................................................................................................
8. ई.मेल यदि हो......................................................मोबाइल नं0..........................................
9. आधार कार्ड संख्या (अनिवार्य)..........................................पैन कार्ड संख्याः.......................................
10. जाति/वर्ग (सामान्य, अनु0जाति, अनु0जनजाति, अन्य पिछडी जाति)...........................विकलांगता यदि हो...................
11. अनुभव के0जी0बी0वी0, यदि हो......................................................लिंगः...........................................
12. अभ्यर्थिनी की शैक्षिक/प्रशिक्षण योग्यता का विवरण

| परीक्षा | पात्रता परीक्षा केन्द्र/बोर्ड एवं कालेज/वि. विद्यालय | परीक्षा का वर्ष | अनुक्रमांक | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कक्षा-08 | | | | | | |
| अध्यापक पात्रता परीक्षा/टी.ई.टी. (कक्षा 06 से 08 तक उच्च प्राथमिक स्तर) (बी.पी.एड./सी.पी.एड./डी.पी.एड हेतु लागू नहीं | | | | | | |
| हाईस्कूल | | | | | | |
| इण्टरमीडिएट | | | | | | |
| स्नातक | | | | | | |
| बी0एड0/एल0टी0/बी0टी0,बी0पी0एड0/सी0पी0एड0/डी0पी0एड0 | | | | | | |
| पी0जी0डी0सी0ए0/बी0सी0ए0/बी0एस0सी0,कम्प्यूटर साइंस/ D.O.E.A.C.C या समकक्ष संस्था से ओ0लेवल/ ए0लेवल (केवल कम्प्यूटर विषय हेतु) | | | | | | |

13. संलग्नकों का विवरण

| | |
|---|---|
| 1. ................................................ | 6. ................................................ |
| 2. ................................................ | 7. ................................................ |
| 3. ................................................ | 8. ................................................ |
| 4. ................................................ | 9. ................................................ |
| 5. ................................................ | 10. ................................................ |

### घोषणा

मै शपथपूर्वक अभिकथन करती हूँ कि उपरोक्त विवरण सत्य है तथा आवेदन पत्र प्रेषित करने के पूर्व समस्त अंकित विवरण का मेरे द्वारा परीक्षण कर लिया गया है। चयन के पूर्व अथवा बाद में जॉचोपरांत कोई भी विवरण असत्य अथवा गलत पाये जाने पर सम्बन्धित संस्थान/प्राधिकारी को मेरा सेवा अनुबन्ध समाप्त करते हुए प्राथमिकी दर्ज कराने व भुगतानित मानदेय की वसूली करने का अधिकार होगा। आवेदन पत्र में अंकित सूचनाओं से सम्बन्धित मूल प्रमाण पत्र/अंक पत्र आवेदन करने की तिथि के पूर्व से मेरे पास उपलब्ध है।

दिनांकः.........................

स्थानः.........................

अभ्यर्थिनी के पठनीय हस्ताक्षर

### निम्नांकित विवरण कार्यालय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, अलीगढ़ द्वारा भरा जायेगा।

1. आवंटित कन्ट्रोल नं0.............................................
2. आवेदन प्राप्ति का दिनांक.........................................

Scanned with OKEN Scanner

## जनपद अलीगढ़ में उच्चीकृत कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालयों में प्रधानाचार्या के पदों पर चयन हेतु आवेदन-पत्र

(आवेदन पत्र आवेदक द्वारा स्वयं साफ-साफ भरा जाये। कटिंग एवं ओवर राइटिंग मान्य नहीं होगी। नाम एवं पिता का नाम तथा जन्मतिथि हाईस्कूल प्रमाण-पत्र के अनुसार लिखी जाये। ओवरराइटिंग युक्त, अपूर्ण, त्रुटिपूर्ण एवं अस्पष्ट आवेदन पत्र निरस्त कर दिये जायेंगे।)

**Latest Self-Attested Color Photo of the Applicant**

1. आवेदित पदनाम......................................................................................

2. आवेदक का नाम:

   (हिन्दी में)......................................................................................

   (अंग्रेजी में)......................................................................................

3. पिता का नाम

   (हिंदी में).................................................. (अंग्रेजी में)..................................................

4. पति का नाम

   (हिंदी में).................................................. (अंग्रेजी में)..................................................

5. जन्मतिथि (हाईस्कूल/समकक्ष प्रमाण पत्र के अनुसार) तिथि......................माह......................वर्ष........................

6. 01 अप्रैल, 2026 को हाईस्कूल/समकक्ष प्रमाण-पत्र के आधार पर आयु...................दिन................माह.................वर्ष

7. (अ) गृह जनपद का नाम व पता (थाना सहित)......................................................................................

   ......................................................................................................................................

   (ब) पत्र व्यवहार का पता......................................................................................

   ......................................................................................................................................

8. ई.मेल यदि हो..................................................मोबाइल नंबर..................................................

9. आधार कार्ड संख्या (अनिवार्य)........................................पैन कार्ड संख्याः........................................

10. जाति/वर्ग (सामान्य, अनु0जाति, अनु0जनजाति, अन्य पिछडी जाति)..........................विकलांगता यदि हो....................

11. अनुभव (यदि हो)..........................................................लिंगः..........................................................

12. आवेदक की शैक्षिक/वरीयमान योग्यता का विवरण

| शैक्षिक उपाधियों का विवरण | पाठ्यक्रम की अवधि | विषय |
|---|---|---|
| प्रशिक्षित | | |
| हाईस्कूल | | |
| इण्टरमीडिएट | | |
| स्नातक | | |
| स्नातकोत्तर | | |
| अन्य | | |

Scanned with OKEN Scanner

| परीक्षा | बोर्ड एवं कालेज/ विश्वविद्यालय | उत्तीर्ण वर्ष | अनुक्रमांक | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| प्रशिक्षित | | | | | | |
| हाईस्कूल | | | | | | |
| इण्टरमीडिएट | | | | | | |
| स्नातक | | | | | | |
| स्नातकोत्तर | | | | | | |
| अन्य | | | | | | |

**13. आवेदन से सम्बन्धित संलग्नकों का विवरण**

1. ..................................................... 10. ....................................................
2. ..................................................... 11. ....................................................
3. ..................................................... 12. ....................................................
4. ..................................................... 13. ....................................................
5. ..................................................... 14. ....................................................
6. ..................................................... 15. ....................................................
7. ..................................................... 16. ....................................................
8. ..................................................... 17. ....................................................
9. ..................................................... 18. ....................................................

## घोषणा

मै शपथपूर्वक अभिकथन करती हूँ कि उपरोक्त समस्त विवरण पूर्ण रूप से सत्य है तथा आवेदन पत्र प्रेषित करने के पूर्व समस्त अंकित विवरण का मेरे द्वारा भली भांति परीक्षण कर लिया गया है। चयन के पूर्व अथवा बाद में जॉच/सत्यापन उपरांत कोई भी विवरण असत्य अथवा गलत पाये जाने पर सम्बन्धित संस्थान/प्राधिकारी को मेरा सेवा अनुबन्ध समाप्त करते हुए प्राथमिकी दर्ज कराने व भुगतानित पूर्ण मानदेय की वसूली करने का अधिकार होगा। आवेदन पत्र में अंकित सूचनाओं/प्रविष्टियों से सम्बन्धित समस्त मूल प्रमाण पत्र/अंक पत्र/ अभिलेख आवेदन करने की तिथि के पूर्व से मेरे पास मूल रूप में उपलब्ध है।

दिनांकः..........................

स्थानः.......................... आवेदक के पठनीय हस्ताक्षर

**निम्नांकित विवरण कार्यालय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, अलीगढ़ द्वारा भरा जायेगा।**

1. आवंटित कन्ट्रोल नं0...........................................
2. आवेदन प्राप्ति का दिनांक....................................

Scanned with OKEN Scanner

<u>जनपद अलीगढ़ में उच्चीकृत कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालयों में चौकीदार तथा रसोईया के पद पर चयन हेतु आवेदन-पत्र</u>

(आवेदन पत्र आवेदक द्वारा स्वयं साफ-साफ भरा जाये। कटिंग एवं ओवर राइटिंग मान्य नहीं होगी। नाम एवं पिता का नाम तथा जन्मतिथि आठवीं/हाईस्कूल प्रमाण-पत्र के अनुसार लिखी जाये। ओवरराइटिंग युक्त, अपूर्ण, त्रुटिपूर्ण एवं अस्पष्ट आवेदन पत्र निरस्त कर दिये जायेंगे।)

**Latest Self-Attested Color Photo of the Applicant**

1. आवेदित पदनाम....................................

2. आवेदक का नामः

   (हिन्दी में)....................................

   (अंग्रेजी में)....................................

3. पिता का नाम

   (हिंदी में).................................... (अंग्रेजी में)....................................

4. पति का नाम

   (हिंदी में).................................... (अंग्रेजी में)....................................

5. जन्मतिथि (आठवीं/हाईस्कूल/समकक्ष प्रमाण पत्र के अनुसार) तिथि..................माह..................वर्ष..................

6. 01 अप्रैल, 2026 को आठवीं/हाईस्कूल/समकक्ष प्रमाण-पत्र के आधार पर आयु..............दिन...........मांह................वर्ष

7. (अ) गृह जनपद का नाम व पता (थाना सहित)....................................

   ....................................

   (ब) पत्र व्यवहार का पता....................................

   ....................................

8. ई.मेल यदि हो....................................मोबाइल नंबर....................................

9. आधार कार्ड संख्या (अनिवार्य)....................................पैन कार्ड संख्याः....................................

10. जाति/वर्ग (सामान्य, अनु0जाति, अनु0जनजाति, अन्य पिछडी जाति)..........................विकलांगता यदि हो..................

11. अनुभव (यदि हो)....................................लिंगः....................................

12. आवेदक की शैक्षिक योग्यता का विवरण

| परीक्षा | बोर्ड एवं कालेज/ विश्वविद्यालय | उत्तीर्ण वर्ष | अनुक्रमांक | पूर्णांक | प्राप्तॉक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कक्षा-08 उत्तीर्ण | | | | | | |
| हाईस्कूल | | | | | | |
| इण्टरमीडिएट | | | | | | |
| अन्य | | | | | | |

Scanned with OKEN Scanner

13. आवेदन से सम्बन्धित संलग्नकों का विवरण

| | |
|---|---|
| 1. .................................................. | 8. .................................................. |
| 2. .................................................. | 9. .................................................. |
| 3. .................................................. | 10. .................................................. |
| 4. .................................................. | 11. .................................................. |
| 5. .................................................. | 12. .................................................. |
| 6. .................................................. | 13. .................................................. |
| 7. .................................................. | 14. .................................................. |

## घोषणा


मै शपथपूर्वक अभिकथन करती हूँ कि उपरोक्त समस्त विवरण पूर्ण रूप से सत्य है तथा आवेदन पत्र प्रेषित करने के पूर्व समस्त अंकित विवरण का मेरे द्वारा भली भांति परीक्षण कर लिया गया है। चयन के पूर्व अथवा बाद में जॉच/सत्यापन उपरांत कोई भी विवरण असत्य अथवा गलत पाये जाने पर सम्बन्धित संस्थान/प्राधिकारी को मेरा सेवा अनुबन्ध समाप्त करते हुए प्राथमिकी दर्ज कराने व भुगतानित पूर्ण मानदेय की वसूली करने का अधिकार होगा। आवेदन पत्र में अंकित सूचनाओं/प्रविष्टियों से सम्बन्धित समस्त मूल प्रमाण पत्र/अंक पत्र/ अभिलेख आवेदन करने की तिथि के पूर्व से मेरे पास मूल रूप में उपलब्ध है।

**दिनांकः.........................**

**स्थानः.........................** आवेदक के पठनीय हस्ताक्षर

**निम्नांकित विवरण कार्यालय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, अलीगढ़ द्वारा भरा जायेगा।**

1. आवंटित कन्ट्रोल नं0.........................................
2. आवेदन प्राप्ति का दिनांक.....................................





Scanned with OKEN Scanner